# कलेक्टर ने 2 केडब्लूएम व 2 केएलडी में 'मिशन सरहद संवाद' में की जनसुनवाई

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शुक्रवार को खाजूवाला की दूरस्थ ग्राम पंचायतों 2 केडब्लूएम (कालूवाला) और 2 केएलडी में मिशन सरहद संवाद के तहत जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल भी मौजूद थे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि बॉर्डर पर बसी दूरस्थ ग्राम पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका अविलम्ब निस्तारण करने के उद्देश्य से मिशन सरहद संवाद प्रारंभ किया गया है। इसके तहत अब तक लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में सुनवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन जनसुनवाईयों में ग्रामीणों को जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इन जनसुनवाई के दौरान आने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों ने गर्मी और प्रस्तावित नहरबंदी के मद्देनजर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की आवश्यकता जताई। ग्रामीणों ने ग्रामीण क्षेत्रों की डिग्गियों की सफाई और इन्हें भरने, नहरों से शिल्ट निकालने सहित अन्य समस्याएं रखी। जिला कलेक्टर ने बताया कि गर्मी और नहरबंदी होने की स्थिति में पेयजल प्रबंधन को लेकर कई सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। स्थानीय पुलिस, प्रशासन, जलदाय, विद्युत और जल संसाधन विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मिशन सरहद संवाद के तहत जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

- बॉर्डर पर बसी दूरस्थ ग्राम पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं का अविलम्ब निस्तारण करने के उद्देश्य से मिशन सरहद संवाद प्रारंभ किया गया है
- इस दौरान ग्रामीणों ने गर्मी और प्रस्तावित नहरबंदी के मद्देनजर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की

ग्रामीणों ने पीएम आवास की बकाया किश्तें जारी करने, मनरेगा का भुगतान करवाने की मांग रखी। जिला कलेक्टर ने कहा कि पीएम निवास निर्माण के साथ ही जियो टैग किया जाए और बेवजह कोई भुगतान बकाया नहीं रहे। इस दौरान कई ग्रामीणों ने नई ग्राम पंचायतों के गठन के प्रस्तावों पर आभार जताया तो कुछ ने इन पर आपत्तियां जताई जनसुनवाई के दौरान 2 केडब्लूएम में शराब की अवैध दुकान संचालित किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की।

जिला कलेक्टर ने इस संबंध में अविलम्ब जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए और कहा कि नियम विरूद्ध संचालन पाए जाने की स्थिति में इसे बंद करवाया जाए। इस दौरान विद्युत लाइनें दुरूस्त करवाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनाने और इसे ठीक करवाने सहित अनेक समस्याएं आई।

इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता भूपेंद्र भारद्वाज, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा आज

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा का आयोजन 12 अप्रैल को किया जायेगा। परीक्षा के लिए बीकानेर में 51 सेंटर्स बनाए गए हैं। इनमें 29 सरकारी व 22 प्राइवेट शिक्षण संस्थान शामिल है।

खास बात ये है कि इस बार वीडिया ग्राफी की जगह हर सेंटर्स पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था रहेगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी जयपुर में बैठकर परीक्षा पर नजर रखेंगे। परीक्षा में जिले के 32016 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। प्रत्येक पारी में 16008 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

पहली पारी में सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पारी दोपहर बाद 3 से 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिए बीकानेर समेत 38 जिलों में सेंटर्स बनाए गए हैं। 803 पदों के लिए करीब 8.39 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा में कोई भी डमी कैंडिडेट शामिल होने या नकल संबंधी सूचना होने पर जिला प्रशासन को सूचित करने की हिदायत दी गई है। परीक्षा केंद्र पर एक-एक अभ्यर्थी की जांच पड़ताल के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा।

इसमें बायोमेट्रिक व चेहरे की पहचान के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के लिए अहम बात यह है कि परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले ही प्रवेश दिया जायेगा। जैसे पहली पारी में परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होगी तो 9 बजे तक ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। उसके बाद केंद्र के गेट बंद कर दिए जायेंगे।

# जिला अस्पताल में कूलर कबाड़ में पड़े, कई पंखे भी बंद मरीज परेशान

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। रातें भी 27 डिग्री तापमान के साथ गर्म हो रही है। मच्छरों की भी भरमार है। इसके बावजूद जिला अस्पताल में प्रबंधन ने कूलर चलाना तो दूर, इनकी मरम्मत तक नहीं करवाई है। अस्पताल परिसर की बिल्डिंग के खाली हिस्सों में कूलर कबाड़ की तरह पड़े हैं।

जिन वार्डों में कहीं-कहीं कूलर लगे हुए हैं, उनकी भी मरम्मत नहीं करवाई गई है। उनमें पानी के कनेक्शन तक नहीं हैं, जालियां बिखर चुकी हैं। दूसरी ओर जिन-जिन वार्डों में तथा ओपीडी और प्रशासनिक ब्लॉक में एसी लगे हुए हैं, वे चलने शुरू हो चुके हैं। लेकिन मरीजों की चिंता शायद अस्पताल प्रबंधन को नहीं है। मरीजों के साथ ही वार्डों में स्टाफ भी इतनी गर्मी में परेशान हो रहा है।

इतना ही नहीं प्रबंधन ने कूलरों के अलावा पंखों की भी मरम्मत नहीं करवाई गई है। कई वार्ड तो ऐसे मिले जहां पंखे भी नहीं चलते। ऊपर से वार्डों के रेनोवेट करने की धीमी गति से चल रहे काम ने भी मरीजों उनके परिजनों की परेशानी बढ़ा रखी है। जिला अस्पताल के वार्डों में 100 से अधिक कूलर हैं और 1000 से ज्यादा सीलिंग फैन हैं।

- गंगानगर जिला अस्पताल प्रबंधन ने कूलरों के अलावा पंखों की भी मरम्मत नहीं करवाई तथा कई वार्ड तो ऐसे मिले जहां पंखे भी नहीं चलते हैं

प्लानिंग के हिसाब से चलते तो मार्च में ही मरम्मत हो जानी चाहिए थी क्योंकि अप्रैल माह में तो तापमान 35 डिग्री पार जाता ही है। लेकिन जिला अस्पताल में शायद ऐसा कभी नहीं हुआ कि गर्मियों के आने से पहले गर्मियों से जुड़ी प्लानिंग की गई हो। अस्पताल के इलेक्ट्रीशियन सुभाष योगी ने बताया कि कूलर, पंखों की मरम्मत के टेंडर की फाइल कलेक्ट्रेट गई हुई है। अनुमति नहीं मिलने से मरम्मत नहीं करवाई गई। जनरल मेडिसिन वार्ड में लू, ताप-घात मरीजों के रक्षित किए 10 बैड, इसमें भी एसी चालू नहीं किए। जिला अस्पताल के जनरल मेडिसिन वार्ड के 13 बैड के एक विंग में एसी लगाये गए हैं। इसके 10 बैड लू, ताप-घात मरीजों के लिए सुरक्षित किए गए हैं। हालांकि वार्ड के बाहर इसकी कोई सूचना अंकित नहीं है, लेकिन स्टाफ ने ही इसकी जानकारी दी।

इस वार्ड में दो एसी भी लगाये गए हैं, लेकिन अभी शुरू नहीं किए गए हैं। इस वार्ड में रखे कूलर की हालत भी कबाड़ में पटके कूलरों जैसी ही दिखाई दी। स्टाफ ने बताया कि वार्डों की मरम्मत के कारण महिला और पुरुषों को एक ही विंग में उपचार दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में कबाड़ में कूलर पड़े हैं। मरम्मत के टेंडर की अनुमति अभी मिली नहीं है।

कॉटेज वार्ड के हालात भी अस्पताल के अन्य वार्डों से ज्यादा बदतर हुए पड़े हैं। यहां कूलर वाले रूम का चार्ज 250 रूपए और एसी रूम का 500 रूपए लिया जा रहा है। एसी तो सभी कमरों में चल रहे हैं। क्योंकि गर्मी ही इतनी है, लेकिन कूलर वाले कमरों में कूलर अभी लगाए ही नहीं गए हैं।

## 10 किलो डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। जिले के नोखा थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन फ्लैश आउट के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से डोडा-पोस्त चूरा और छिलका भारी मात्रा में बरामद किया है।

नोखा पुलिस ने आरोपी पप्पूराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 4.242 किलोग्राम डोडा-पोस्त छिलका और 6.400 किलोग्राम डोडा-पोस्त चूरा बरामद किया गया है। इसके साथ ही मादक पदार्थ की बिक्री में प्रयुक्त सामग्री भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई जयपुर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश और जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश भादू के नेतृत्व में गठित टीम ने 10 अप्रैल को यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही खरीद-फरोख्त के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

# नहर और डिग्गी में गिरने से दो की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। यहां पिछले चौबीस घंटे में दो अलग-अलग हादसों में पानी में डूबने से दो जनों की मौत हो गई। एक जलदाय विभाग का कर्मचारी था, जो पूगल में डिग्गी का रख-रखाव करते हुए गिर गया। वहीं एक जना नहर में गिर गया।

- जलदाय विभाग का सहायक कर्मचारी डिग्गी का रख-रखाव करते गिरा

पूगल थाना क्षेत्र में स्थित वाटर वर्क्स में दिनेश सिंह (36) पुत्र हुकुम सिंह काम कर रहा था। इस दौरान डिग्गी के पास उसका पैर फिसल गया। वह डिग्गी से बाहर नहीं निकल पाया। चार से पांच फीट गहरी डिग्गी में ही डूब गया। आस-पास के लोगों ने उसे बाद में बाहर निकाला लेकिन तब तक वो दम तोड़ चुका था। उसे अस्पताल भी लेकर गए लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। उधर इंदिरा गांधी नहर में डूबने से भी एक व्यक्ति की मौत हो गई।

लूणकरनसर के वार्ड संख्या 28 में रहने वाले मोडाराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुभाष नहर के पास गया था। नहर में गिरने से उसकी मौत हो गई। 29 साल का सुभाष नहर में कैसे गिरा। इसका पता लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

**एक करोड़ की डायमंड पोलकी हड़पी :** बीकानेर शहर के एक सर्राफा व्यापारी ने एक करोड़ रूपए की डायमंड पोलकी हड़पने का आरोप लगाते हुए कोटगेट पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया। ज्वैलर ने एसपी को भी परिवाद दिया है। आरोप है कि बीते साल जुलाई में उसने अपने शो रूम में आठ-दस साल से काम करने वाले प्रमोद सोनी को एक करोड़ की डायमंड पोलकी नेकलेस बनाने के लिये दी थी। गोगागेट निवासी मांगीलाल माली ने प्रमोद सोनी को बहकावे में लेकर डायमंड पोलकी डेढ लाख रूपए में गिरवी रख ली और वापस लौटाने की एवज में पचास लाख रूपए मांगने लगा। दोनों ने मॉल हड़प लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की हैं।

# रामदयाल महाराज बने रहेंगे सींथल पीठ के महंत

**बीकानेर,**(कासं)। रामस्नेही संप्रदाय सींथल पीठ के महंत पद और संपत्ति विवाद का 17 साल बाद निस्तारण हो गया है।

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को ही सही ठहराते हुए क्षमाराम महाराज व अन्य की याचिका को खारिज कर दिया है। रामस्नेही संप्रदाय पीठ सींथल और क्षमाराम महाराज के बीच महंत पद और संपत्तियों को लेकर कोर्ट में विवाद चल रहा था। बीकानेर के न्यायालय में 27 मई 2008 को फैसला रामदयाल महाराज के पक्ष में आया और वे महंत बन गए।

न्यायालय ने उन्हें संपत्ति का अधिकार भी दे दिया। क्षमाराम ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर दी। हाईकोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को सही माना है। इसके तहत सींथल पीठ के महंत रामदयाल ही रहेंगे।

- राज. हाईकोर्ट जोधपुर ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को ही सही ठहराया, क्षमाराम महाराज व अन्य की याचिका खारिज

## गैस सिलेंडर में लगी आग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के सादुलशहर कस्बे में शुक्रवार को करीब 11:30 बजे हड़कम्प मच गया, जब वार्ड नंबर 5 स्थित एक घर में एलपीजी गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई।

घटना की सूचना पर तुरंत हरकत में आई स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन आगजनी की चपेट में आने से घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार सादुलशहर के वार्ड 5 में हैड कांस्टेबल रामभगत मय जाप्ता नाकाबंदी पर तैनात थे। इस दौरान उन्हें सिलेंडर में गैस लीक होने से आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# दन्तौर में मां-बेटी सहित चार पर जानवर का हमला

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के दन्तौर थाना क्षेत्र में चक 19 बीएलडी और दन्तौर मार्केट में रात अज्ञात जानवर ने दहशत फैला दी। एक ही रात में चार लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। हमले में एक महिला, एक बच्ची और दो युवक घायल हो गए। वन विभाग का मानना है कि लोमड़ी या सियार का हमला हो सकता है।

घटना में गंभीर रूप से घायल महिला किशना देवी पत्नी गोपीराम और उनकी बेटी सोनू को प्राथमिक इलाज के बाद दन्तौर हॉस्पिटल से पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर रेफर किया गया। इसके बाद जोधपुर एम्स के लिए रेफर किया गया। जानवर ने महिला के चेहरे को बुरी तरह से काट डाला। हमले में घायल अन्य दो युवक सुरेश कुमार पुत्र मनोहर लाल, निवासी चक 19 बीएलडी और अनिल कुमार पुत्र मूलाराम निवासी ग्राम पंचायत तांतवाश, तहसील खींवसर, जिला नागौर जो कि दंतौर छात्रावास में मजदूरी का काम करने आया हुआ था। सुरेश कुमार के कान पर जानवर ने हमला किया, जिससे उसका कान पूरी तरह से अलग हो गया। दोनों को भी पीबीएम बीकानेर रेफर किया गया है।

- महिला के मुंह को बुरी तरह नोचा, एक का कान काटा

घटना के बाद से दन्तौर, 18, 19, 20 व 21 बीएलडी क्षेत्र में वन विभाग की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी भारवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की अलग-अलग टीम पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला किस जानवर ने किया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले ऐसा हमला कभी नहीं देखा। अज्ञात जानवर के हमले के कारण ग्रामीण रात के समय बाहर निकलने से डर रहे हैं। वन विभाग टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि जानवर की पहचान कर उसे पकड़ लिया जाए, ताकि क्षेत्र में फैली दहशत को कम किया जा सके।

## सार-समाचार

### पार्किन्सन मरीजों को जागरूक किया



विश्व पार्किन्सन दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी संगोष्ठी का उद्घाटन एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व पार्किन्सन दिवस के उपलक्ष पर मरीजों एवं उनके परीजनों के लिए जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्घाटन एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने किया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल लाहौटी रहे, उन्होनें मरीजों को पार्किन्सन के साथ उच्च स्तर का जीवन जीने की कला सिखाई। इस दौरान डॉ. महेन्द्र सिसोदिया ने पार्किन्सन के लक्षणों को विस्तार से समझाया। न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. इन्द्रपुरी ने पार्किन्सन के उपचार व उपचार के दौरान उत्पन होने वाले नए लक्षणों को सरल भाषा में बताया। डॉ. अभिषेक कोचर ने पार्किन्सन रोग में होने वाली डीबीएस सर्जरी,उससे होने वाले फायदे नुकसान को समझाया। डॉ. आशीष जोशी ने पार्किन्सन रोग के कारण होने वाले कब्ज़ के उपचार के बारे में जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों के प्रश्नों के जवाब दिए गये। एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने न्यूरोलॉजी विभाग की सराहना की। इस दौरान रेजिडेंट डॉक्टर भावना, नर्सिंग ऑफिसर मनोज पांडे, गोपी किशन, श्याम, सुनील एवं तनवीर का विशेष सहयोग रहा।

### दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक



महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय ने महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित हो रही राष्ट्रीय स्तर की साईकिलिंग रोड रेस पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन टीम टाईम ट्रायल स्पर्धा में मेजबान विश्वविद्यालय ने दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा। आयोजन सचिव एवं खेलकूद निदेशक डॉ. यशवंत गहलोत ने बताया कि आज दूसरे दिन टीम टाइम ट्रायल स्पर्धा में पुरुष वर्ग में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के खिलाड़ी मानव सारड़ा, तोलाराम डूडी, मोहित चौधरी एवं भरत बिजारणियां ने 01:02:34 समय स्वर्ण पदक, रजत पदक लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, जलंधर के गौरांग गोरे, नारायण सियाग, वासुदेव बिश्नोई एवं सुभाष ने 01:02:39 समय के साथ एवं कांस्य पदक गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के श्रवण साध, खेताराम, अंगद एवं सुशांत ने 01:03:50 समय के साथ प्राप्त किया। इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की पूजा बिश्नोई, तरूणा बिश्नोई, बसन्ती कुमावत एवं हेमलता धाकड़ ने 47:59:52 समय के साथ स्वर्ण पदक, लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, जलंधर की प्रियंका बिश्नोई, निकिता, रिंकू भाम्भू एवं खुशबू ने 50:22:54 समय के साथ रजत पदक एवं पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला की मंजू चौधरी, भगवती, ललिता एवं गोमती ने 51:49:55 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक किशन पुरोहित एवं श्रवण डूडी को कुलपति द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बधाई प्रेषित की। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन दांव पर लगे दोनों स्वर्ण पदक मेजबान महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय ने प्राप्त कर साईकिलिंग के क्षेत्र में विश्वविद्यालयी खेलों में धाक जमाई। प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुरूष वर्ग में मास स्टार्ट एवं महिला वर्ग में क्रिटेरियम स्पर्धो आयोजित होगी।

### ज्योतिबा फुले को जयंती मनाई

**बीकानेर,** (कासं)। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेशाध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने कहा कि वार्ड नंबर 77 की बड़ी गुवाड़ स्थित कार्यालय में बोलते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया तथा सामाजिक कुरीतियों का सदैव पूरी ताकत से विरोध किया। उनके विचार तथा शिक्षा वर्तमान में भी बेहद प्रासंगिक हैं। समाज को दिशा देने में उनका असाधारण योगदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। प्रदेशाध्यक्ष जादुसंगत ने कह भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक एवं दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धेय नमन करता हूं। उनका सम्पूर्ण जीवन गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं महिला शिक्षा, सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा। सफाई कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी एंव वाल्मीकि यूथ क्लब के शहर अध्यक्ष साजन कुमार जावा ने कहा की फुले के आदर्श विचार, कार्य और संघर्ष सामाजिक समानता की मिसाल हैं। वाल्मिकी यूथ क्लब के प्रदेश संगठन महासचिव सुनील चांवरिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जिनका जीवन युगों-युगों तक समाज को मार्गदर्शन और प्रेरणा देता रहेगा। वाल्मीकि यूथ क्लब के राकेश पंडित, राहुल बिंवाल, विजय पंडित, तुलसीराम चांवरिया, आदि ने समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

# पूजा सोनी बनी मरूधर री मिस मरवण व साक्षी को मिला मिसेज मरवण का खिताब

**बीकानेर,** (कासं)। नारी शक्ति वूमेन एम्पावर व माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शहर के रिद्धि सिद्धि भवन में आयोजित मरूधर री मरवण का सांस्कृतिक आयोजन शहरवासियों के लिए यादगार कार्यक्रम बन गया।

महिलाओं व युवतियों ने इस कार्यक्रम में नख से शिख तक श्रृंगार कर राजस्थानी गणवेश में इस कार्यक्रम को ऊंचाईयां प्रदान कर दी। भागीदारों की संख्या अधिक होने के कारण निर्णायकों को भी पसीने आ गए। काफी मशक्कत के बाद पूजा सोनी को मिस मरवण का और साक्षी विजय को मिसेज मरवण का खिताब दिया गया। जैसे ही निर्णायकों ने इनके नामों की घोषणा की तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

नारी शक्ति वूमेन एम्पावर की प्रदेश अध्यक्ष मधु खत्री व माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष कंचन राठी ने बताया कि मरूधर की मिस मरवण का खिताब पूजा सोनी को मिला व दूसरे नंबर पर ज्योति कुमावत तथा तीसरे नंबर पर गौरी खत्री रहीं। इसी प्रकार मिसेज मरवण का खिताब साक्षी विजय को मिला। दूसरे नंबर पर रेखा गहलोत व तीसरे नंबर पर शिखा गुप्ता मिसेज मरवण रही। इस आयोजन में निर्णायक मंडल में तमन्ना, आरती आचार्य, अर्चना थानवी, सुनीता जुनेजा, स्वाति पारीक, डॉ आशु मलिक व पिंकी जैन शामिल रहीं। नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर मैराथन प्रतियोगिताओं में मैडल जीतकर बीकानेर का नाम गौरन्वान्वित करने वाली ममता हर्ष को मैराथन क्वीन अवार्ड से नवाजा गया। उनका नाम जैसे ही मंच पर पुकारा गया तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। उन्हें अतिथि रामरतन धारणियां, देवश्री चांडक, मधु खत्री, कंचन राठी, विभा बिहानी आदि ने मैराथन क्वीन का अवार्ड प्रदान किया। ममता हर्ष ने पिछले कई वर्षों से मैराथन के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है।



नारी शक्ति वूमेन एम्पावर की प्रदेश अध्यक्ष मधु खत्री व माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष कंचन राठी ने पूजा सोनी को मरूधर री मिस मरवण व साक्षी विजय को मिसेज मरवण खिताब से नवाजा।

- ममता हर्ष को मैराथन क्वीन अवार्ड से नवाजा गया

# पुरानी आबादी के वार्ड 15 व 3 ई छोटी में पानी नहीं आने परेशान

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नहरबंदी के दौरान गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर के अलग-अलग इलाकों में पेयजल किल्लत पैदा होने लगी है। इसके चलते पुरानी आबादी रामनगर के 200 व चक 3-ई छोटी में 300 घरों में रहने वाले लोग परेशान हैं।

इन लोगों द्वारा जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रामनगर के वार्ड नं. 15 में लगभग 200 घरों में पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। इन लोगों को दूसरी कॉलोनियों से बर्तनों में पानी भरकर लाना पड़ रहा है। लोगों के अनुसार वार्ड नं. 15 में एलएंडटी की नई वाटर लाइन से सप्लाई दी जा रही है। 24 घंटे सप्लाई का दावा करके शहर में बिछाई गई नई वाटर लाइन के बावजूद लोग पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहें है। वार्ड नं. 15 की झुग्गी बस्ती में रहने वाले इन लोगों की परेशानी को समझते हुए गुरुवार को रामनगर विकास समिति अध्यक्ष कृष्ण बुडानियां ने आरयूआईडीपी के मुख्य अभियंता आरयूआईडीपी को वाट्सएप से ज्ञापन भेजकर वाटर सप्लाई सिस्टम में सुधार की मांग की है। समिति अध्यक्ष बुडानियां ने फोन पर भी मुख्य अभियंता को गरीब लोगों की इस समस्या से अवगत करवाया। इस दौरान मुख्य अभियंता ने आश्वासन दिया कि समस्या का शीघ्र ही निस्तारण हो जाएगा। दोपहर में वार्ड नं. 15 के झुग्गी बस्ती, धालेवाली गली, छोटे हनुमान मंदिर से काली माता मंदिर व मुसलमानों वाले मोहल्ले के करीब 200 घरों में पानी नहीं आने पर लोगों ने कृष्णलाल बुडानिया और रवि कुमार को मौके पर बुलाया।

- गंगानगर के पुरानी आबादी के वार्ड 15 में 15 दिन और 3 ई छोटी में पांच दिन से पानी नहीं आ रहा

वार्ड में झुग्गी बस्ती के गरीब, दिहाड़ी-मजदूरी करने वाले लोगों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। छोटे-छोटे बच्चे दूर-दराज से साइकिलों पर पानी लाने को मजबूर है।

एलएंडटी के अधिकारियों से बार-बार संपर्क करने पर मौके पर कर्मचारी अमित खान, अजय सैन व प्रदीप वॉल ऑपरेटर पहुंचे, जो वाटर सप्लाई समस्या के समाधान को लेकर कोई जवाब नहीं दे पाए। इस मौके पर संदीप माली, जगमोहन, छग्गूलाल, रामशरण, बदलू, पुष्पा, पूजा, कमला, कालूराम, रोहित बागड़ी, रवि कुमार, कलवंत सिंह, कृष्ण सिंह,सहित अनेक लोग उपस्थित थे।